Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 11-05-2023 | अंक 564

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### डीवीसी ने किया मधुमेह जांच शिविर का आयोजन



**अपेम लाइव : लातेहार**


लातेहार : तुबेद कोल माइंस परियोजना क्षेत्र के कोढ़ास गांव में गुरुवार को डायबिटीज जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर डीवीसी के उप निदेशक, मानव संसाधन आरपी तिवारी ने बताया कि शिविर में डीवीसी की एमओआइसी डॉ अलका जे लकड़ा, जीडीएमओ डॉ. निर्भय कुमार व फार्मासिस्ट ब्रजेश कुमार के द्वारा शिविर में आये रोगियों की चिकित्सकीय जाच व परामर्श दिया गया। शिविर में आसपास इलाके से आये तकरीबन 92 से अधिक रोगियों की जाच की गई।

### दो सहायक लोक अभियोजकों ने अभियोजन कार्यालय में दिया योगदान



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : नव नियुक्त दो सहायक लोक अभियोजकों ने गुरुवार को अभियोजन कार्यालय में अपना योगदान दिया। योगदान देने वालों में विपुल कुमार गुप्ता व प्रभाकर श्रीवास्तव का नाम शामिल हैं। उपरोक्त अधिकारियों ने अपना योगदान प्रभारी जिला लोक अभियोजक अशोक कुमार दास को दिया है। वहीं अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दी ।बधाई देने वालों में अधिवक्ता पंकज कुमार सिन्हा,सुनील कुमार,व ासुदेव पाण्डेय,निरंजन प्रकाश मल्लान, सविता साहू, नवीन कुमार गुप्ता, उपेंद्र कुमार व अमित कुमार गुप्ता समेत अन्य शामिल हैं।




# एकल अभियान हजारीबाग अंचल के उपाध्यक्ष सह अंचल प्रभारी बने सुनील कुमार दत्त व बीरेंद्र कुमार युवा प्रभारी

## हजारीबाग अंचल समिति का हुआ पुनर्गठन, योगेंद्र प्रजापति को मिली कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी










बैठक में शामिल एकल अभियान से जुड़े लोग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति की बैठक बरही धोबी टोला स्थित अंचल कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति एवं संचालन हजारीबाग अंचल के अभियान प्रमुख मनोज कुमार ने किया । बैठक की शुभारंभ भारत माता एवं माता सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं भक्ति वन्दना कर किया गया । इस बैठक में हजारीबाग अंचल समिति के पुनर्गठन पर चर्चा की गई । जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व की समिति को यथावत रखते हुए अनुमोदित किया गया और निष्क्रिय सदस्यों के स्थान पर तीन नए लोगों को हजारीबाग अंचल समिति में दायित्व दिया गया । इसमें जाने-माने शिक्षाविद डॉ सुनील कुमार दत्ता को हजारीबाग अंचल समिति के उपाध्यक्ष सह अंचल प्रभारी का दायित्व सौंपा गया । इसके साथ ही रसोईया धमना के युवा समाजसेवी वीरेंद्र कुमार को हजारीबाग अंचल प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया। इसके अलावे योगेंद्र प्रजापति को हजारीबाग अंचल कार्यालय का कार्यालय प्रभारी का दायित्व दिया गया । तीनों नए सदस्यों को एकल अभियान के नियम एवं कार्यप्रणाली के साथ साथ हरि कथा योजना, पंचमुखी शिक्षा योजना आदि की जानकारी दी गई। मौके पर हजारीबाग अंचल में नियुक्त किए गए सेवाव्रती कार्यकर्ता अंचल व्यास प्रमुख सुनील कुमार एवं प्राथमिक शिक्षा प्रमुख महेंद्र कुमार का भी समिति की ओर से स्वागत किया गया । बैठक में हरिकथा योजना के तहत हरेक एकल ग्राम एवं संच स्तर पर हरी सत्संग का अयोजन करने पर सहमति बनी। बैठक में ग्राम स्वराज्य प्रभारी प्रो हीरामन साहू, संस्कार प्रभारी किशोरी मोहन पांडेय, डॉ सुनील कुमार दत्त, बीरेंद्र कुमार, योगेंद्र प्रजापति, ब्यास सुनील कुमार, मनोज कुमार, नरेश पासवान, महेंद्र कुमार, प्रख्यात कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।


# बरही प्रखंड के 3 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच विधायक ने किया ट्रैक्टर का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग की ओर से गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत मिनी ट्रैक्टर एवं रोटावेटर का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रमुख मनोज रजक शामिल थे। बरही प्रखण्ड के 3 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच ट्रैक्टर रोटावेटर दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सीआर इंदवार व सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि बरही प्रखंड से कुल तीन महिला स्वयं सहायता समूह को ट्रैक्टर दिया गया है। बरही विधायक श्री अकेला ने महिला समूह की दीदियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में महिला समूहों की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने नई पहल की है। इस पहल के तहत मि. हलाओं के स्वयं सहायता समूहों के बीच मिनी ट्रैक्टर के वितरण की शुरूआत हुई है। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तो है ही साथ ही यह कदम कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। महिलाएं स्वावलंबी बनकर आत्मनिर्भर की दिशा में बढ़ रही है।

मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, कांग्रेस नेता मो वारिश अंसारी, देवचंद यादव, रामानंद यादव, बिरेंद्र यादव, अशोक सिंह, राजू राणा, नरेश सिंह, मो आसिफ, अताउल्ला, चेतन यादव, रीतलाल रजक सहित दर्जनों महिला स्वयं सहायता समूह की दीदी व प्रखण्ड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 11-05-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## 246 बच्चों में 100 बच्चों को ही मिला जूता मौजा, 146 बच्चे रह गए वंचित, बच्चे हुए मायूस

### मदरसा अजीजिया जेया ओल ओलुम रसोईया धमना में जूता मौजा का हुआ वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जूता मौजा वितरण करते जनप्रतिनिधि

झारखंड शिक्षा परियोजना के गलत नीतियों की खामियाजा सरकारी स्कूल एवं मदरसा के बच्चे भुगत रहे हैं। नियमानुसार विद्यालय में पढ़ रहे नामांकित सभी बच्चों को पोशाक एवं जूता मौजा देने का प्रावधान है। लेकिन पदाधिकारियों के साठ गांठ के कारण जितनी संख्या में पोशाक एवं जूता मौजा जरूरत होती है उतनी मात्रा में स्कूल एवं मदरसा को सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिसके कारण विद्यालय प्रबंधन को वितरण करने में काफी परेशानी होती है। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को रसोईया धमना स्थित मदरसा अजीजिया जेया ओल ओलुम में देखने को मिला। झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देशानुसार सेनहा लोहरदगा की एक प्रगति महिला उत्पादक समूह की ओर से मदरसा को मात्र 100 बच्चों के लिए ही जूता मौजा उपलब्ध कराया गया। जबकि मदरसा में कुल 246 बच्चे नामांकित है। मदरसा प्रबंधन के सामने वितरण की समस्या उत्पन्न हो गई की किस बच्चे को जूता मौजा दिया जाय और किसको नही। अंत में तय हुआ की 80 प्रतिशत उपस्थिति वाले 100 बच्चों को जूता मौजा वितरण किया जाएगा। उसी के अनुरूप विद्यालय के सचिव मो अख्तर, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के मीडिया प्रभारी मो तौकीर, अध्यक्ष मो सेराज एवं पंचायत समिति सदस्य मो तैयब ने 100 बच्चों के बीच जूता मौजा वितरण किया। लेकिन वही दूसरी ओर 146 बच्चे जूता मौजा से वंचित रह गए। सरकार की गलत नीति के कारण एक ही मदरसा के बच्चों के बीच भेदभाव किया गया। जिन बच्चों को जूता मौजा नही मिला। वे काफी मायूस दिखे। उन्हे समझ में ही नहीं आया की आखिर उन्हें जूता मौजा क्यों नहीं दिया गया। मदरसा के प्रधान मौलवी मो अख्तर ने बताया की सरकार को एक साथ सभी बच्चों के लिए जूता मौजा एवं पोशाक उपलब्ध करानी चाहिए। पोषक भी 246 में 200 बच्चों का ही मिला। जिससे भी वितरण में परेशानी हुई। मो तौकीर ने कहा की सरकारी स्कूल या मदरसा में समता का भाव रखा जाता है। बच्चों को एक समान पढ़ाई होती है। लेकिन पोषक एवं जूता मौजा में जिस तरह भेदभाव किया जाता है , उससे बच्चो में असंतोष का भाव पनपता है। इस पर सरकार, शिक्षा विभाग एवं उससे जुड़े पदाधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत हैं।

## बरही : बार एसोसिएशन बरही के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



नव निर्वाचित बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य

बरही बार एसोसिएशन संघ के कार्यालय बरही में गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता व संचालन राजेंद्र राणा ने किया। जिसमें सभी नवनिर्वाचित सदस्यो का स्वागत माला पहनाकर एवं बुके देकर किया गया। जिसमें अध्यक्ष झारखंडी साहा, उपाध्यक्ष उदय सिन्हा, सचिव राज कुमार प्रसाद, उपसचिव रामचंद्र साव, कोषाध्यक्ष राधेलाल चौधरी एवं कार्यकारिणी सदस्यों में अधिवक्ता सुजीत कुमार, रामचंद्र चौधरी, रामक्रित सिंह, राजेश चौधरी, बैजनाथ प्रसाद, सुशील सिंह को बार के चुनाव अधिकारी सत्यश्रण प्रसाद ने शपथ दिलाई। सभी नवनिर्वाचित सदस्यो ने अपने अपने विचार रखा। धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता डॉ सुनील दत्ता ने किया। मौके पर बार के पूर्व अध्यक्ष ए के ओझा, भारत भूषण, संजय सिंह, मोहित कुमार, अधिवक्ता मिथिलेश, अधिवक्ता रवि शंकर सहित सभी अधिवक्ता समाज के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में ग्रीष्मावकाश की उपयोगिता पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभागार में गुरुवार को ग्रीष्मावकाश की उपयोगिता पर चर्चा गोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी व वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। ग्रीष्मावकाश की उपयोगिता विषय पर भूमिका रखते हुए रेनू गुप्ता ने बताया कि हम सभी अपने अंदर की कमियों को खोज कर उसे ठीक करने में अवकाश का उपयोग कर सकते हैं यदि कोई विषय कमजोर है तो उस विषय का अभ्यास कर मजबूत किया जा सकता है। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है अतः हमें शारीरिक क्षमता का विकास आसन , प्राणायाम व योग के माध्यम से करना है। छात्र–छात्राओं की रुचि पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों में भी होती हैं जैसे बहने कढ़ाई, सिलाई–बुनाई, पेंटिंग पर अपनी ज्यादा रुचि दिखाती हैं। ग्रीष्म अवकाश की छुट्टी एक लंबी अवधि की छुट्टी होती है हमें एक समय सारणी बनानी है और उसका पालन करना है जैसे कब जगना है, कब पढ़ाई करनी है, और कब खेलना है।ग्रीष्म अवकाश की उपयोगिता पर चर्चा में कक्षा चतुर्थ से दशम तक के भैया बहनों ने भाग लिया और अपनी अवकाश संबंधित योजनाओं पर एक–एक कर चर्चा किए। कक्षा नवम के भैया कृष कुमार ने बताया कि मैं इस अवकाश में अपने गांव पर जाऊंगा, माता–पिता की अपने बच्चों से कुछ अपेक्षाएं होती हैं उसे जानने का प्रयास करूंगा, दादा दादी के कामों में सहयोग करूंगा और विद्यालय द्वारा दिए गए गृह कार्य को पूरा करूंगा।वही विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश छात्रों को नए कौशल और प्रतिभा विक. सित करने का अवसर प्रदान करती है। ग्रीष्मावकाश की उपयोगिता पर चर्चा के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी आचार्य /दीदी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गुरुवार को सभी पंचायतों में मनाया गया आवास दिवस

### आवास के लाभुकों को किया गया आवास बनाने के लिए प्रेरित

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखंड के सभी 10 पंचायतों में गुरुवार को आवास दिवस मनाया गया मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने सभी पंचायतों में जाकर प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को प्रेरित किया और कहा कि जो लाभुक पैसा ले चुके हैं वे यथाशीघ्र अपना–अपना आवास का निर्माण पूर्ण करें तथा जिन्हें ढलाई तक के लिए राशि दे दी गई है वह जल्दी आवाज की ढलाई करें। उन्होंने लोगों को प्रेरित किया कि यदि आवास कार्य में लापरवाही बरतते हैं तो आप को सरकारी लाभ से वंचित कर दिया जाएगा प्रखंड विकास पदाधिकारी सबसे पहले राजपुर पंचायत के पंचायत सचिवालय में मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह एवं अन्य लोगों के साथ बैठक किया बैठक के बाद उन्होंने लाभुकों को कहा कि किसी भी सूरत में आवास का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण करें वही प्रखंड विकास पदाधिकारी कोल्हैया तुलबुल धीरे–धीरे सहित सभी पंचायतों में जाकर आवास के लाभुकों को प्रेरित किया और जल्द आवास बनाने का निर्देश दिया मौके पर सभी पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिव एवं लाभुक उपस्थित थे







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## समय पर करें प्रधानमंत्री आवास का निर्माण अन्यथा वसूली समेत होगी कानूनन कार्रवाई

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**




कोडरमा चंदवारा पश्चिमी सचिवालय भवन में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत आज पंचायत भवन में विशेष ग्रामसभा का आयोजन मुखिया सन्तोष कुमार कुशवाहा के अध्यक्षता में किया गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से एस बी एम कोअ०र्डिनेटर, ग्राम रोजगार सेवक, सभी वार्ड सदस्य, सभी जलसहिया, सभी जल सखी सभी स्वास्थ्य सहिया तथा ग्रामीणों की उपस्थित हुए साथ ही आवास दिवस मनाया गया एवं आवास लाभुक बबिता देवी विजय कुमार रजक बसंत सोनार रीना देवी राजकुमार साव उपस्थित थे ये सभी को निर्देश दिया की आवास लाभुक को तय समय के अंदर प्रधानमंत्री आवास बनाने का दिशा निर्देश दिया गया साथ ही साथ यह भी कहा गया की समय पर आवास कार्य निर्माण पूरा नहीं किया जाता है तो उन लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा राशि की वसूली की जाएगी इस मौके पर सभी लाभुक समेत पंचायत के ग्रामीण इस मौके पर उपस्थित रहे।

## जनसेवकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आहवान पर जिले के जनसेवक ग्रेड पे कम करने के विरोध में पिछले 9 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामनाथ यादव ने कहा कि 10 सालों तक विभाग ने हमारी सेवाएं ली।अब जब प्रमोशन और एमएसीपी का समय आया तो कृषि निदेशक ने जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 कर दिया।यह दुर्भाग्यपूर्ण है।वहीँ संघ के रघुनंदन राम ने 2012 में बहाल सभी जनसेवकों को एमएसीपी का लाभ देने व राज्य वरीयता सूची प्रकाशित करने की मांग की।उन्होंने जनसेवक संवर्ग का नाम बदल कर कृषि प्रसार पर्यवेक्षक या प्रखंड उप कृषि पदाधिकारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।मौके पर रामनाथ यादव, लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी,रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय,राजेश कुमार व सूर्य प्रकाश समेत कई जनसेवक शामिल रहे।

## दौड़ेंगे हम, दौड़ेंगे आप, दौड़ेगा झारखंड खतियान के आधार पहचान और रोजगार को लेकर अमित कुमार की मैराथन दौड़ कई लोग हुए शामिल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : हरली से होरम मोड़ होते हुए बड़कागांव–महटीकरा गर्रीकलां पतरा होते हुए हेवई तक लभगभ 21किलोमीटर खतियानी दौड़ सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो की अगुवाई में दर्जनों की संख्या में लोगों ने दौड़ में शामिल हुए।इस दौरान सरकार की गलत स्थानीय नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, साथ ही खतियान आधारित स्थानीयनीति और नियोजननीति लागू करने की मांग की गई। सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो ने कहा की यह देखने सुनने और चर्चा करने में जितना सरल प्रतीत होता है,वह इतना सरल है नहीं, एक दिन किसी राजनेता के लिए 21किलोमीटर दौड़ना भी मुश्किल है।परंतु इस चिलचिलाती गर्मी के प्राकृतिक भिन्नताओ को झेलते हुए लगातार आज 90वां दिन अमित के नेतृत्व बड़कागांव विधानसभा में संपन्न हुआ।

## बादम पथ निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने तेजी लाने की मांग की





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : बादम में मुख्य सड़क पीसीसी निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य धीमी रहने के कारण आम राहगीरों को आने जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य करा रहे संवेदक से गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरी करने की मांग की है । उक्त सड़क बादम बस स्टैंड से लेकर मोतरा तक लगभग पौने 3 किलोमीटर लंबाई एवं 12 फीट चौड़ी तथा 1000 फीट नाली निर्माण कार्य होना है । संवेदक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ प्रगति पर है आबादी वाला गांव की सड़क में थोड़ी विलंब होती है उम्मीद है दो से 3 दिनों के अंदर समस्या का समाधान हो जाएगा।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार